>

Title: Need to regularize the services of guest teachers working under Sarva Shiksha Abhiyan in Madhya Pradesh.

**श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद):** महोदय, मैं सदन के माध्यम से भारत सरकार के मध्य प्रदेश में सर्व-शिक्षा अभियान में लगे विभाग में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को नियमित किये जाने संबंधी मांग की ओर आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं। महोदय, इस समय मध्य प्रदेश में लगभग 90,000 अतिथि शिक्षक काफी समय से अपनी सेवाएं राज्य सरकार को दे रहे हैं। लेकिन उन्हें नियमित नहीं किया जा रहा है, उनकी एवज में नियमित भर्ती होने पर उनपर हमेशा बेरोजगार होने की तलवार लटकी रहती है। यह अतिथि शिक्षक लगातार अपनी मेहनत से स्कूलों में अच्छा परिमाण भी दे रहे हैं। महोदय, जबकि मध्य प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी, मंडी बोर्ड के कर्मचारी, 89 दिन काम करने वाले अनुदेशकों को भी नियमित कर दिया गया है। मैं सदन के माध्यम से मध्य प्रदेश की इस ज्वलंत समस्या की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं। यदि मध्य प्रदेश में स्कूली शिक्षा विभाग में कार्यरत इन सर्व-शिक्षा-अभियान के माध्यम से, हमारे मानव संसाधन मंत्रालय के माध्यम से कार्यरत इन 90,000 अतिथि शिक्षकों को नियमित नहीं किया गया तो ये अतिथि शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे और इन पर आश्रित इनका परिवार बदहाली के कगार पर खड़ा हो जाएगा। मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार को इस संबंध में हस्तक्षेप करना चाहिए कि एचआरडी से बहुत महत्वपूर्ण धनराशि राज्य सरकारों को दी जाती है, उस पैसे का सदुपयोग हो और उसमें काम करने वाले कर्मचारी नियमित कर्मचारी हों, यह मेरा आपसे अनुरोध है।